www.amritvichar.com

## सुविचार



इंसान बनो, केवल नाम से नहीं, शक्ल से नहीं, रूप से नहीं, हृदय से, बुद्धि से, संस्कार से, ज्ञान से।
- अटल बिहारी वाजपेयी


# अमृत विचार

बरेली महानगर


### बरेली के प्रमुख समाचार


- खाड़ी में तनाव और गहराने से कारोबार पर पड़ेगा बड़ा असर-II
- 2012 से पहले के ईंट भट्ठे होंगे वैध, आबादी के पास भी लगा सकेंगे -III
- इस बार बमनपुरी-चाहबाई के बीच नहीं होगी रंगों की मोर्चाबंदी-IV


बरेली, सोमवार, 2 मार्च 2026



**इफ्तार**
सोमवार शाम
सुन्नी : 6:17
शिया : 6:26

**सहरी**
मंगलवार सुबह
सुन्नी : 5:12
शिया : 5:04

# रूट डायवर्जन : होली पर कल से बड़े वाहनों की शहर में नहीं होगी एंट्री

- **मंगलवार सुबह 10:00 बजे से बुधवार की रात 11:00 बजे तक लागू रहेगी यातायात पाबंदी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** होली से एक दिन पहले और होली की देर रात तक शहर में बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से मंगलवार की सुबह से लेकर बुधवार की रात तक रूट डायवर्जन लागू किया है।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि तीन और चार मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में होली के मौके पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर 3 मार्च की सुबह 10 बजे से लेकर 4 मार्च की रात 11 बजे तक सभी प्रकार के बाहरी वाहन शहरी क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे। परसाखेड़ा रोड नंबर 1 से कोई भी भारी वाहन शहर की तरफ प्रवेश नहीं करेगा। इसके अलावा बिल्वा पुल, लालपुर कट, विलय धाम से कोई भी बाहरी वाहन शहर की तरफ नहीं आएगा। नवदिया झादा से अभी कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। ट्रांसपोर्ट नगर, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़ से भी कोई भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। इसके अलावा दिल्ली बार रामपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन रोडवेज बसें जिनको बदायूं की तरफ जाना है, झुमका तिराहा से बड़ा बाईपास से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी, दातागंज देवचरा से भमोरा होते हुए जाएंगी।

नैनीताल की तरफ से आने वाले बड़े वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें बदायूं जाना है वह बड़ा बाईपास से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी दातागंज होते हुए आएंगे। इसके अलावा पीलीभीत की तरफ से आने वाले बड़े वाहन जिनको बदायूं जाना है वह बड़ा बाईपास से फरीदपुर होते हुए फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, भमौरा होते हुए जाएंगे। रामपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें लखनऊ जाना है वह बड़ा बाईपास से विलय धाम फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी होकर गुजरेंगी। लखनऊ की तरफ से दिल्ली जाने वाले बड़े वाहन फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होते हुए बड़ा बाईपास जा सकेंगे।

बदायूं की तरफ से आने वाले बड़े वाहन जिनको बरेली आना है वह भमोरा से देवचरा दातागंज फतेहगंज पूर्वी इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। लखनऊ की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें इन्वर्टिस से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगे। दिल्ली की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें मिनी बाईपास से इज्जत नगर, डेलापीर 100 फुटा रोड से सेटेलाइट बस अड्डे पर आएंगे और इसी रूट से वापस जाएंगी। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले मार्ग के बजाय वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।



जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। • अमृत विचार

## होली पर घर पहुंचने की जद्दोजहद, ट्रेनों में बढ़ी भीड़

- **स्लीपर और जनरल कोच में नहीं मिल रहीं सीटें, यात्री हो रहे हलकान**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : होली में 2 दिन का समय बचा है ऐसे में लोगों में घर पहुंचने के लिए जद्दोजहद जारी है। इसका असर ट्रेनों में देखने को मिल रहा है। ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। जनरल और स्लीपर कोच में यात्रियों को सीट नहीं मिल रही है। होली का त्योहार 4 मार्च को मनाया जाएगा। अवकाश होने के बाद लोगों ने घर पहुंचना शुरू कर दिया है। डाउन की ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। दिल्ली-बिहार जाने वाली ट्रेनें फुल चल रही हैं। जनरल कोच के साथ स्लीपर कोच में भी यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। नियमित ट्रेनों में बुकिंग बंद कर दी गई है जबकि होली स्पेशल ट्रेनों में सीट खाली हैं। रविवार को बरेली जंक्शन, बरेली सिटी और इज्जत नगर स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। ट्रेन में सीट पाने के लिए यात्री मारा-मारी करते दिखे। रेलवे प्रशासन की तरफ से यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को गाड़ी नंबर 05071 05072 छपरा आनंद विहार टर्मिनल छपरा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन करने का फैसला लिया है। यह गाड़ी बरेली से होकर गुजरेगी। इसके अलावा गाड़ी नंबर 05741 05742 किशनगंज लाल कुआं किशनगंज वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन 5 मार्च से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को लाल कुआं से किया जाएगा। यह गाड़ी पीलीभीत भोजीपुरा किच्छा होते हुए चलेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए आज से तीन मार्च तक दिल्ली और हावड़ा की पार्सल बुकिंग सेवा बंद कर दी गई है।

## सिटी ब्रीफ

### विवाद में दंपति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**क्योलड़िया/ बरेली, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव जरपा मोहनपुर की कुसुम लता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया की कि रविवार को गांव के सतपाल, माया, गुलाबो देवी खेत पर लकड़ी लेकर जा रही थी। इस पर पीड़िता ने एक लकड़ी छोड़ने को कहा इस पर लोगों ने दंपति को गंदी-गंदी गालियां दी और मारपीट करने लगे। इन लोगों के लाठी और लोहे की फुकनी थी जिसमें उसके पति की आंख में गंभीर चोट आई है। पीड़ित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

### चार आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**मीरगंज/बरेली, अमृत विचार :** पुलिस ने अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ अपनी ''जीरो टॉलरेंस'' नीति के तहत बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के आदेश पर शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका में सक्रिय एक संगठित गिरोह के चार सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। शाही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला ने जिलाधिकारी के निर्देश पर जुवैर ( पुत्र अखित्यार ) गैंग लीडर है, जबकि इरशाद (पुत्र अकील अहमद), बड़े उर्फ अजरूद्दीन (पुत्र बिच्चे) और बाबू (पुत्र रफीक) पर कार्रवाई की गई है। यह संगठित गिरोह बनाकर अपराध कर रहे थे। शाही थाने में इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इन आरोपियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति का ब्यौरा भी जुटा सकती है और उसे जब्त करने की कार्रवाई कर सकती है।

# होली पर चलेगा निगम का सफाई अभियान

### बाजारों और धार्मिक स्थलों में सुबह-शाम होगी सफाई, प्रमुख मार्गों पर कचरा उठाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ाई

- **निगरानी के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने इस बार के होली पर्व को शहर में स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारी की है। शहर के प्रमुख बाजारों, मोहल्लों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और उनका रोस्टर जारी किया गया है। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार जोनवार कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, ताकि हर क्षेत्र में समय पर सफाई हो और रंग, गुलाल और पानी से होने वाली गंदगी का तुरंत निपटान किया जा सके।

शहर के वार्डों में नगर निगम ने कूड़ा उठाने वाले वाहनों की संख्या बढ़ा दी है, जिससे सफाई का काम तेजी से किया जा सके और किसी भी जगह पर कचरा जमा न हो। कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह अलर्ट पर रखा गया है, जिससे आपात परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई संभव हो। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि मुख्य मार्गों, व्यस्त बाजारों और धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। होली के अवसर पर होने वाले होलिका दहन स्थलों से राख और अन्य कचरा समय पर हटाने के लिए भी अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखने में मदद करें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। उनका कहना है कि अभियान का उद्देश्य न केवल शहर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि नागरिकों को होली उत्सव के दौरान साफ-सुथरे और सुरक्षित वातावरण का अनुभव भी देना है। कहा कि त्योहार के अगले दिन अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती कर रंग और कचरे की तत्काल सफाई कराई जाएगी। निगरानी के लिए नगर स्वास्थ्य समेत अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## होली पर बेहतर बिजली आपूर्ति को लेकर परखीं तैयारियां



सब स्टेशन का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता। • अमृत विचार

- **कुतुबखाना सब स्टेशन पर निरीक्षण करके मुख्य अभियंता ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश**
- **शहर के अलग-अलग सब स्टेशनों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली,
**अमृत विचार** : होली के मौके पर शहर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली विभाग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गई है। इसको लेकर रविवार को अवकाश के दिन भी मुख्य अभियंता ने सब स्टेशनों का निरीक्षण करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा शहर के सब स्टेशनों पर कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश रविवार को शहरी क्षेत्र के कुतुबखाना सब स्टेशन पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उन्होंने बिजली आपूर्ति से संबंधित रजिस्टर चेक करके अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए की होली के मौके पर शहर में बेहतर बिजली आपूर्ति बनी रहे। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि शहर के अलग-अलग सब स्टेशनों पर एसडीओ, अवर अभियंता और संविदा कर्मचारियों की अलग-अलग टीम बनाकर ड्यूटी लगा दी गई है। इमरजेंसी के लिए ट्राली ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई है। फाल्ट होने की सूचना पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तत्काल फाल्ट को ठीक करके बिजली आपूर्ति को बहाल करेगी। इसके अलावा राम बरात के रूट पर सुरक्षा के लिए लिहाज से संबंधित अधिकारियों को शटडाउन लेने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करके अलर्ट रहने को कहा गया है।

# शिक्षकों के खातों में नहीं पहुंचा वेतन, होली फीकी रहेगी

- **बैंक सर्वर में दिक्कत की चर्चा सोशल मीडिया पर वायरल**
- **सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी पेंशन नहीं मिलने से हुई निराशा**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली से पहले सरकारी कर्मचारियों को वेतन जारी करने के मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद शिक्षकों के खातों में अभी तक वेतन नहीं पहुंच सका, इसको लेकर शिक्षकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज है कि बैंक के सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण भुगतान प्रक्रिया नहीं हो पाई है। उधर पेंशन पाने वाले शिक्षक और कर्मचारी भी पेंशन न आने से निराश हैं। हालांकि, इस संबंध में अधिकारी स्तर पर किसी ने कोई बयान नहीं दिया है।

मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार 28 फरवरी तक शिक्षकों समेत बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात सभी लोगों वेतन उनके एकाउंट में पहुंचना था। शिक्षकों ने 28 की रात तक वेतन आने का इंतजार किया, लेकिन निराशा हाथ लगी। एक मार्च को रविवार होने के कारण बैंक बंद थे और शिक्षकों का वेतन नहीं आ सका। सूत्रों की मानें तो वेतन राशि ट्रेजरी से जारी कर दी गई है, लेकिन बैंकिंग तकनीकी समस्या के चलते खातों में राशि क्रेडिट नहीं हो पाई। कई शिक्षकों ने बताया कि माह का अंत होने के बावजूद वेतन न मिलने से त्योहार में दिक्कत होगी। उधर, पेंशनधारकों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है।

### शिक्षणेत्तर कर्मियों में भी निराशा

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में होली से पहले वेतन न मिलने को लेकर निराशा का माहौल है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी सयुंक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने बताया कि शासन के 28 फरवरी तक वेतन भुगतान के आदेश के बावजूद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के खातों में वेतन नहीं पहुंचा।

# होली पर सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण कारोबार का संकल्प लिया



बैठक में मौजूद मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी व व्यापारी। • अमृत विचार

- **मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों से की मिलावटखोरी रोकने की अपील**
- **उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी ने बैठक का किया आयोजन**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोर कमेटी की ओर से रविवार को शहर में एक होटल में बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें त्योहार पर सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण रूप से कारोबार करने संकल्प लिया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर घटिया सामग्री का विक्रय या वस्तुओं में मिलावट करना न केवल अनैतिक है, बल्कि त्योहार का आनंद भी कम कर देता है। उन्होंने हाल ही में बाजार से भारी मात्रा में नकली पनीर जब्त कर नष्ट करने का उल्लेख करते हुए व्यापारियों से अपील की कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वस्तु गुणवत्तापूर्ण हो और ऐसे कृत्यों को रोकने में सहयोग दें।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने भी कहा कि व्यापार मंडल कभी भी घटतौली या मिलावटखोरी का समर्थन नहीं करता। कहा कि अच्छे व्यापारिक व्यवहार से न केवल समाज स्वस्थ रहता है, बल्कि व्यापारियों को मानसिक संतुष्टि और व्यापार बढ़ाने की प्रेरणा भी मिलती है। भाजपा के आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने व्यापार मंडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके वर्षों के राजनीतिक अनुभव में उन्होंने कभी किसी गलत व्यक्ति की सिफारिश नहीं देखी, जो मंडल की सकारात्मक और रचनात्मक गतिविधियों का प्रमाण है। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि होली पर व्यापारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे व्यापारियों के हितों की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन खरीदारी का दुरुपयोग न हो। सुशील मित्तल, जयदीप अग्रवाल, अश्वनी आनंद, दुर्गेश खटवानी, मनमोहन सभरवाल, श्याम मिठवानी, आशीष मेहरोत्रा, जय नारायण गुप्ता, शिरीष गुप्ता, तरुण अग्रवाल, ईशान सक्सेना, दिलीप गुप्ता मौजूद रहे।

# रामायण वाटिका में शिलापट्ट लगाया, सीएम का इंतजार

- **होली के बाद मुख्यमंत्री योगी के बरेली आने की चर्चा**
- **साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का चल रहा काम**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल रामायण वाटिका और रुद्रावनम पार्क के उद्घाटन को लेकर फिर से हलचल बढ़ गई है।

प्राधिकरण ने रामायण वाटिका के मुख्य द्वार पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों लोकार्पण का शिलापट्ट लगा दिया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि उद्घाटन जल्द हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि होली के बाद मुख्यमंत्री के दौरे को ध्यान में रखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परिसर की सफाई, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। इससे पहले दिसंबर में प्रस्तावित दौरा टल गया था। अभी कोई निश्चित तिथि तय नहीं हुई है, लेकिन होली के बाद उनका दौरा होने की संभावना है।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए. ने बताया कि रामायण वाटिका सिर्फ एक पार्क नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय विचारों का संगम है। पार्क में मियांवाकी तकनीक से विकसित घना वन, आकर्षक मूर्तियां और इंस्टॉलेशन लगाए गए हैं, जो आगंतुकों को रामायण काल से जोड़ते हैं। रुद्रावनम पार्क में अत्याधुनिक लैंडस्केपिंग, वॉटर बॉडी और हरे-भरे क्षेत्र तैयार किए गए हैं।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री दौरे के दौरान रामायण वाटिका का उद्घाटन और रुद्रावनम पार्क का भूमि पूजन कर सकते हैं। इसके अलावा शहर की अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी कार्यक्रम में शामिल हो सकता है। इस संभावित दौरे को लेकर सभी अलर्ट मोड में हैं। प्रशासन शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रहा है।




## मार्च में अधिक रहेगा तापमान

**बरेली, अमृत विचार :** अब दिन में तेज धूप गर्मी का एहसास कराने लगी है। रविवार को दिन के तापमान आंशिक गिरावट हुई। शनिवार को तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। रविवार को अधिकतम 28.7 और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी से मार्च में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के मुताबिक मार्च में पारा अधिक रहने का अनुमान है। मई और जून में लू के दिन भी बढ़ सकते हैं।

**मारामारी**

### बरेली से मुंबई-बेंगलुरू आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने से हवाई जहाज के किराये में भारी इजाफा

# होली बाद वापसी का हवाई किराया हो गया दोगुना

- **होली से पहले छह हजार से लेकर 11 हजार तक किराया दे रहे यात्री**
- **वापसी में किराया 11 हजार से 18 हजार रुपये प्रति यात्री पहुंच गया**
- **बेंगलुरू को 186 और मुंबई को 232 सीटर एयरबस भरती हैं उड़ान**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर ट्रेनों में सीट के लिए हो रही मारामारी ने बरेली से मुंबई और बेंगलुरू आने-जाने का हवाई टिकट भी महंगा करा दिया है। होली के बाद अपने गंतव्य स्थानों के लिए आने-जाने वाले यात्रियों को ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। होली पर मुंबई-बेंगलुरू-बरेली आने-जाने वाले यात्रियों को आठ हजार से 13 हजार तक रुपये टिकट पर खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि होली बाद उन्हें आने-जाने के लिए 11 हजार से लेकर 18 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ेंगे। बेंगलुरू के लिए 186 सीटर और मुंबई के लिए 232 सीटर एयरबस उड़ान भर रही है। त्योहारी सीजन में एयरबस फुल चल रही हैं।

इंडिगो एयरलाइंस कंपनी की बेवसाइट से बरेली-मुंबई फ्लाइट के टिकट के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 1 मार्च को बरेली-मुंबई के लिए यात्रियों ने सेवर फेयर में 7959 रुपये, फ्लेक्सी प्लस फेयर में 8484 रुपये और इंडिगो अप फ्रंट में 10059 रुपये तय किए हैं। इसमें टैक्स भी जुड़ा हुआ है। इसी तरह 2 मार्च को यात्रियों को 1 मार्च से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। उन्हें 8633 रुपये, 9158 रुपये और 10733 रुपये प्रति किराया देकर टिकट खरीदना पड़ रहा है। वहीं, मुंबई से बरेली आने के लिए यात्रियों को 2 मार्च के लिए 9244 रुपये, 9769 रुपये और 11239 रुपये तक किराया देकर टिकट बुक कराए हैं। 4 मार्च के लिए यात्रियों के 7759 रुपये, 8484 रुपये और 10059 रुपये में प्रति टिकट बुक कराने की बात सामने आई। होली के बाद 6 मार्च को मुंबई से बरेली आना और महंगा हो गया। यात्रियों को 10009 रुपये, 10534 रुपये और 12109 रुपये और 8 मार्च को 15928 रुपये, 16453 रुपये और 18028 रुपये तक प्रति टिकट किराया देना पड़ सकता है।

बेवसाइट से मिली जानकारी के अनुसार 3 मार्च को बरेली से बेंगलुरू के लिए यात्रियों को सेवर फेयर में 9218 रुपये, फ्लेक्सी प्लस फेयर में 9743 रुपये और इंडिगो अप फ्रंट में 11213 रुपये का टिकट लेना पड़ रहा है। होली के अगले दिन बरेली से मुंबई जाने के लिए यात्रियों को 11797 रुपये, 12322 रुपये और 13792 रुपये तक टिकट में खर्च करने होंगे। यही किराया 7 मार्च को और बढ़ गया है। बरेली से बेंगलुरू के लिए 15294 रुपये, 15819 रुपये, 17289 रुपये तक प्रति टिकट पर खर्च करने पड़ेंगे।

इंडिगो के बरेली एयरपोर्ट पर तैनात प्रतिनिधि ने बताया कि हवाई किराया बढ़ा नहीं है, यात्रियों की मांग ज्यादा होने की वजह से लोग टिकट को ज्यादा रुपये में खरीदते हैं, इसलिए वह महंगा हो जाता है। अभी इंडिगो मुंबई के लिए 232 सीटर और बेंगलुरू के लिए 186 सीटर एयरबस संचालित कर रहा है। सप्ताह में बेंगलुरू की उड़ान मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को है, जबकि मुंबई की उड़ान चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को है।




### पिछले पांच दिनों में एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या इस प्रकार रही

पिछले बुधवार को बरेली एयरपोर्ट पर 229 यात्री आए और 199 यात्री गए। गुरुवार को 185 यात्री आए और 158 यात्री गए थे। शुक्रवार को 224 यात्री आए और 186 यात्री गए। शनिवार को 183 यात्री आए थे और 188 यात्री गए थे, जबकि रविवार को 216 यात्री आए और 197 यात्री बरेली से गए थे।

> होली त्योहार के मद्देनजर मुंबई और बेंगलुरू की फ्लाइट फुल चल रही हैं। दोनों फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर बरेली से मुंबई और बेंगलुरू उड़ान भर रही हैं। एयर ट्रैफिक दोनों शहरों के लिए हर मौसम में खूब मिलता है।
>
> **-अवधेश अग्रवाल**, निदेशक बरेली एयरपोर्ट

## सिटी ब्रीफ

### बुजुर्ग को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट

**बरेली/भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम देवचरा निवासी कुतुबुद्दीन फूल मंडी के पास लकड़ी की टाल पर बैठकर अखबार पढ़ रहे थे कि अचानक रामदास ने हमला कर दिया जिससे कुतुबुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल कुतुबुद्दीन को इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल बरेली रेफर किया। भाई मोबीन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच की बात कही।

### चालक से मारपीट कर ऑटो में की तोड़फोड़

**बरेली, अमृत विचार :** सवारी छोड़कर घर लौट रहे ऑटो चालक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के पटेल बिहार निवासी पीयूष यादव ने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने ऑटो से तपेश्वर नाथ मंदिर सवारी छोड़कर आ रहे थे। इसी बीच टंकी चौक साउथ रेलवे कॉलोनी के पास तीन युवकों ने उसे हाथ देकर रोक लिया। उसके बाद तीनों गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर ऑटो में तोड़फोड़ की गई। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर ली है।

### लड़की भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**बहेड़ी/ बरेली, अमृत विचार :** लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक गांव खिरनी निवासी गोकुल प्रसाद ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव पिपरिया रंजीत का राजू उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उधर एसएसपी के निर्देश पर महिला अपराधों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत सीओ, बहेड़ी ने पुलिस टीम गठित की। पुलिस गश्त के दौरान बस स्टैंड पर आरोपी राजू पुलिस के हत्थे चढ़ गया।पुलिस ने आरोपी राजू को अदालत में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

# खाड़ी में तनाव और गहराने से कारोबार पर पड़ेगा बड़ा असर

## अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव से ईंधन महंगा होना तय, ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ने की आशंका, कई करोड़ के ऑर्डर रुके

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने खाड़ी क्षेत्र की स्थिति को बेहद संवेदनशील बना दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में जहां जिले के निर्यातकों ने कई करोड़ के ऑर्डर रोक दिए हैं। पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। उद्यमियों का कहना है कि यदि यह तनाव लंबा खिंचता है तो सबसे अधिक मार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर पड़ेगी। युद्ध के कारण भुगतान अटकने, शिपमेंट रुकने और ऑर्डर रद्द होने का खतरा बढ़ गया है।

जिले से बड़े पैमाने पर ईरान और खाड़ी देशों को बासमती चावल, दाल, मेंथा ऑयल, दवाइयां, जरी-जरदोजी और अन्य उत्पादों का निर्यात होता है। वहीं, ईरान से खजूर और अलग-अलग तरह के ड्राईफ्रूट आते हैं। उद्यमी बताते हैं कि समुद्री मार्गों पर बढ़ते तनाव से शिपिंग लागत और बीमा प्रीमियम बढ़ने की आशंका है। खासकर ईरान से होर्मुज की खाड़ी का रास्ता बंद करने से स्थिति गहराई हुई है, क्योंकि इसी मार्ग से दुनिया भर में 70 फीसदी से अधिक कच्चे तेल की सप्लाई होती है। अन्य सामान की आवाजाही का प्रमुख रास्ता भी यही है। ईंधन कीमतों में वृद्धि को लेकर उद्योग जगत खासा चिंतित है।

उद्यमियों की आशंका है कि खाड़ी में तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से पेट्रोल और डीजल भी महंगा होगा। इससे ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ेगी, जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के सदस्य देशों में जिले के उत्पादों की अच्छी मांग है। संघर्ष बढ़ने से इन बाजारों तक पहुंच प्रभावित हो सकती है। कई उद्यमियों का कहना है कि पहले ही अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ और वैश्विक मंदी का असर झेल रहे उद्योगों के सामने यह नई चुनौती है। केंद्र सरकार से निर्यातकों के लिए विशेष राहत और वैकल्पिक बाजारों की तलाश में सहयोग की मांग की है, ताकि जिले का व्यापारिक संतुलन बनाए रखा जा सके।


जरी-जरदोजी का काम करता कारीगर। (फाइल फोटो)

- उद्यमी बोले - इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर, निर्यातकों ने अभी से खींचे हाथ
- अलर्ट मोड में ट्रांसपोर्ट सेक्टर डीजल महंगा होने की आशंका से कारोबार सहमा



खाड़ी देशों से बासमती चावल, मेंथा, दालों, जरी और कढ़ाई वाले परिधानों की अच्छी मांग रहती है, लेकिन युद्ध के माहौल ने खरीदारों को सतर्क कर दिया है। युद्ध का असर छोटे कारीगरों की रोजी-रोटी पर पड़ सकता है, इसलिए बाजार स्थिर रहना जरूरी है। युद्ध जारी रहा तो तेल की कीमतें बढ़ने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**- दिनेश गोयल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए



गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) में बहरीन, कुवैत, कतर, ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इने देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। ईरान ने इन सभी जगहों पर मिसाइलें दागी हैं। युद्ध का कच्चे तेल पर व्यापक असर होगा और तेल की कीमत लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं।

**-अभिनव अग्रवाल,** उद्यमी



दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा ईरान के होर्मुज जल डमरू रूट से निकलता है। ईरान के अलावा सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी निर्यात के लिए इसी रास्ते पर निर्भर हैं। जंग लंबी चली और होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ना तय है। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है।

**- एसके सिंह** उद्यमी



अमेरिकी टैरिफ संकट अभी खत्म नहीं हुआ था कि उद्यमियों के सामने नया संकट आ गया है। अमेरिका, ईरान और इजराइल युद्ध निर्यातकों पर व्यापक असर डालेगा। रूस, यूरोप का रुख आगे क्या होगा, इस पर नजर रख रहे हैं। टकराव से सोने की कीमतें भी बढ़ सकती है। शेयर मार्केट पर प्रभाव पड़ना भी तय है।

**-बिमल रेवाड़ी,** उद्यमी

### 15 से 20 फीसदी महंगा हो सकता है मालभाड़ा

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो देश में डीजल महंगा होना तय है। डीजल की दरों में वृद्धि होते ही भाड़ा दरों में 15 से 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। द बरेली ट्रक ऑनर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित सक्सेना का कहना है कि मालभाड़ा बढ़ने से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा और रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

### मैच के दौरान हुए विवाद में रिपोर्ट दर्ज

**विशारतगंज/ बरेली, अमृत विचार:** पस्तोर गांव के रहने वाले जितेंद्र पाल ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शुक्रवार को पड़ोस के गांव गाड़ी घाट के पास मैदान में मैच खेलने गया था इसी दौरान जितेंद्र की टीम ने शॉट मारा जो बाउंड्री के बाहर गया।

मेरी टीम के अनुसार वह छक्का था, परन्तु फील्डिंग कर रही टीम के खिलाड़ियों ने छक्का मानने से इनकार कर दिया इसी बात को लेकर दोनों टीमों के बीच कहासुनी होने लगी जो तूल पकड़ते पकड़ते मारपीट में बदल गई मारपीट में जितेंद्र के सिर में चोट आ गई जिसकी जितेंद्र ने थाने में शिकायत की है।पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया और फील्डिंग कर रही टीम के पस्तोर गांव के ही पुष्पेंद्र और सुरेंद्र के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अमेरिका-इजरायल के खिलाफ शिया समुदाय सड़कों पर उतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से शिया समुदाय में आक्रोश है। शिया समुदाय ने रविवार की रात सड़क पर उतरकर पैदल मार्च निकालकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की।

शिया समुदाय के रजबी नकवी ने बताया कि रविवार की शाम को 7:30 बजे पैदल मार्ग की शुरुआत शहर के किला स्थित शिया जामा मस्जिद से हुई। इसके बाद जुलूस तिलक इंटर कॉलेज होते हुए छिपी टोला में काला इमामबाड़ा तक पहुंचा। विरोध मार्च की सदारत इमाम हासिल हैदर नकवी ने की। इसके बाद काला इमामबाड़ा में आयोजित तकरीर में उलमा ने मौजूदा हालात पर चिंता जताई और समुदाय से एकजुट रहने की अपील की।

शिया समुदाय के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि शिया समुदाय के खामेनेई की शहादत बड़ी गम की खबर है। शिया समुदाय के लोगों ने मातम करके जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने हाथों में अमेरिका इजरायल के खिलाफ तख्तियां लेकर मुर्दाबाद के नारे लगाए। शिया समुदाय के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे और भारी संख्या पुलिस तैनात रही। मजलिस का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शिया समुदाय ने कहा कि हमारे बड़े नेता का जाना बड़ी क्षति है। अमेरिका और इजरायल ने धोखे से उन पर हमला किया है।


पैदल मार्च निकालकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी करते शिया समुदाय के लोग। • अमृत विचार

- शिया जामा मस्जिद से लेकर तिलक इंटर कॉलेज होते हुए काला इमामबाड़ा तक निकला जुलूस
- हाथों में तख्तियां लेकर मुर्दाबाद के लगाए नारे, कड़ी सुरक्षा में देर रात तक जारी रही मजलिस

### खामेनेई की मौत पर प्रदर्शन करने वाले शांति बनाए रखें : शहाबुद्दीन



**बरेली, अमृत विचार :** अमेरिकी और इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद दुनिया भर में लोग हमले की निंदा कर रहे हैं। वहीं, सुन्नी बरेलवी मसलक के उलमा ने भी शिया नेता खामेनेई की मौत पर गम का इजहार किया। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा खामेनेई की शहादत बड़ा नुकसान है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मौलाना अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पूरे इस्लामी जगत और विश्व के लिए दुख की बात है। मौलाना ने अमेरिका और इजरायल के हमले की निंदा करते हुए कहा कि अब ईरान के लिए करो या मरो की स्थिति पैदा हो गई है। अब जंग और ज्यादा भयानक होगी। मौलाना ने भारत सरकार से अपील की है कि अरब और ईरान में रहने वाले भारतीय को सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था करें। रजवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अमन व शांति के साथ विरोध करें। इस बात का ध्यान रखें कि जुलूस में शामिल कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले।

### ट्रंप और नेतन्याहू को बताया जालिम हुक्मरान

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू जालिम हुक्मरान हैं। ये दोनों वर्षों से यही चाहते थे कि ईरान पर कब्जा कर लें और वहां के सर्वोच्च नेता को मार दें। अमेरिका की ईरान पर बमबारी ने इंटरनेशनल कानून की धज्जियां उड़ा दी हैं।






# एडीजी और डीआईजी ने जांचा पुलिस का रेस्पांस टाइम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर किसी तरह का कोई हुड़दंग न हो, इसको लेकर पुलिस अधिकारी भी सड़कों पर उतर आए हैं। एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार रात चौकी चौराहे पर पहुंचकर शहर के विभिन्न थानों, चौकी और डायल 112 के साथ आपातकालीन सेवा की कार्यप्रणाली का निरीक्षण कर रेस्पांस टाइम चेक किया। इस दौरान जो देरी से पहुंचे, उन्हें रेस्पांस टाइम न्यूनतम करने के निर्देश दिए।

पीआरवी 5059 का रेस्पांस टाइम 9 मिनट, पुलिस अधीक्षक नगर का रेस्पांस टाइम 12 मिनट, बारादरी प्रभारी निरीक्षक का रेस्पांस टाइम 14 मिनट और कोतवाली इंस्पेक्टर का 15 मिनट रहा। इसके अलावा अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के अलावा पीआरवी भी निर्धारित समय के अंदर पहुंची। एडीजी ने कहा कि डायल 112 आपातकालीन सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रेस्पांस टाइम न्यूनतम रखा जाए। जीपीएस ट्रैकिंग का पूर्ण उपयोग किया जाए। थाने-चौकी पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए।


चौकी चौराहे पर निरीक्षण के दौरान एडीजी, डीआईजी और एसएसपी।

- शहरी क्षेत्र के थाने, चौकी और डायल 112 को बुलाया, रेस्पांस टाइम न्यूनतम रखने के निर्देश
- थाना प्रभारियों से पहले पहुंच गए एसपी सिटी, जीपीएस ट्रैकिंग के उपयोग पर दिया जोर

### शहर में पैदल गश्त कर सुरक्षा का दिया संदेश

होली के मद्देनजर एसपी सिटी मानुष पारीक ने शनिवार रात शहर के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित थाना प्रभारियों से कहा कि क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें।

### संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से की निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** होली और राम बरात को लेकर बरेली पुलिस पूरी तरीके से अलर्ट नजर आ रही है, संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी की जा रही है। ड्रोन उड़ाकर घरों की छत की निगरानी की जा रही है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि रविवार को राम बरात एवं होली के जुलूस के चलते बारादरी क्षेत्र के साहू गोपीनाथ, शहामतगंज चौराहा, कालीबाड़ी क्षेत्र के सभी घरों के ऊपर ड्रोन उड़ाकर निगरानी की गई, जिसमें देखा गया कि कहीं किसी छत पर कोई संदिग्ध वस्तु न पड़ी हो, लेकिन अभियान के दौरान क्षेत्र में किसी भी छत पर कोई संदिग्ध वस्तु या ईंट-पत्थर नहीं मिले।



### गैरहाजिर चल रहे दो मुख्य आरक्षी निलंबित

**बरेली, अमृत विचार।** लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे दो मुख्य आरक्षियों को एसएसपी ने निलंबित किया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया की थाना कोतवाली में नियुक्त अनुज कुमार 15 फरवरी को 3 दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर गए थे, लेकिन अवकाश समाप्त होने के बाद भी वह अनधिकृत रूप से लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं। इसके बाद उन्हें निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कराई गई है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी अनिरुद्ध कुमार 10 फरवरी को 12 दिन के अवकाश पर रवाना हुए थे। अवकाश समाप्त होने के बाद वह ड्यूटी पर नहीं लौटे। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कराई गई है।

# होलिका दहन स्थलों की होगी निगरानी सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने शनिवार देर रात तक गूगल मीट के जरिये बैठक की। उन्होंने होलिका दहन वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, सीओ एलआईयू, सीएफओ और जिले के सभी थाना प्रभारी भी गूगल मीट से जुडे.।

एसएसपी ने कहा कि जिले में होलिका दहन स्थलों और जुलूस मार्ग का पूर्व सत्यापन और निगरानी रखी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि होलिका दहन निर्धारित समय पर ही हो। होलिका दहन स्थलों पर सीसीटीवी लगाने के साथ फायर ब्रिगेड के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि प्रमुख क्षेत्र, मिश्रित आबादी, बाजार में पैदल गश्त करें। डीजे संचालकों के लिए भी निर्देश जारी करते हुए कहा कि होली, भक्ति, फिल्मी गीत ही चलाएं। अगर कहीं भी किसी तरह के अश्लील गीत बजते हुए मिले तो डीजे संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रेमनगर, किला, कैंट और सुभाषनगर इंस्पेक्टर की जांच शुरू :** बैठक के दौरान एसएसपी ने प्रेमनगर, सुभाषनगर, कैंट और किला थाना प्रभारी की ओर से शरारती तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक, पाबंदी की उपयुक्त कार्रवाई न करने पर प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। उन्होंने चेताया कि अगर होली के मौके पर किसी भी तरह की लापरवाही सामने आई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


ऑनलाइन मीटिंग लेते एसएसपी।

- डीजे पर होली, भक्ति, फिल्मी गाने ही चलाने को कहा
- एसएसपी ने गूगल मीट के जरिये अफसरों के साथ की बैठक

### सोशल मीडिया पर निगरानी, जहरीली शराब पर रोक के निर्देश

एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जाए। साथ ही किसी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। वहीं, जहरीली, अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। कहा कि सभी थाना प्रभारी बाइक से फ्लैगमार्च करके आमजन से संवाद स्थापित करें। होली पर किसी तरह अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए।

### बारादरी पुलिस ने चरस के साथ तीन तस्कर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने चरस के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक तस्कर अयोध्या से चरस की तस्करी करने के लिए शहर आया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि होली के मौके पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को शाहदाना रेलवे ग्राउंड से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें रोहित निवासी रुदौली थाना कोतवाली जिला आयोध्या, छोटू कश्यप निवासी ग्राम चांदपुर थाना भमोरा और मो. नासिर निवासी पशुपति बिहार कॉलोनी थाना बारादरी शामिल है। आरोपियों के पास से 401 ग्राम चरस बरामद हुई है। रोहित ने पूछताछ में बताया कि पहले वह अयोध्या में भांग के ठेके पर काम करता था। भांग के ठेके की आड़ में वह चरस बेचने का काम करने लगा। बरेली में चरस लाकर वह फुटकर में बेचने लग।

# बोगस फर्म के जरिये 87 लाख की आईटीसी का खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फर्म ने बिना वास्तविक माल आपूर्ति किए फर्जी चालान जारी कर 87 लाख रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास कर केंद्र और प्रदेश सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। मामला सामने आने के बाद राज्य कर अधिकारी ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राज्य कर अधिकारी सुनील कुमार ने प्रेमनगर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि प्रेमनगर क्षेत्र के हार्टमन कॉलेज क्षेत्र के प्रोपराइटर पुष्पेन्द्र सिंह ने अपनी पीएस ट्रेडर्स नाम की फर्म का 11 जुलाई 2019 को विभाग में पंजीयन कराया था, लेकिन जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद 14 अगस्त 2019 को फर्म का पंजीयन निरस्त कर दिया गया। उपलब्ध अभिलेखों एवं दाखिल रिटर्नों की जांच से यह सिद्ध होता है कि उक्त फर्म द्वारा बिना वास्तविक माल की आपूर्ति एवं बिना कर भुगतान के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास किया गया। इसके लिए जाली जीएसटी रिकार्ड तैयार किए गए एवं ई मेल और मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त करके केंद्र एवं प्रदेश के राजस्व में क्षति पहुंचाई गई।

जांच में सामने आया कि कुल फर्जी आईटीसी से 87 लाख रुपये का लेन-देन किया गया। जो सरकार को वास्तविक कर भुगतान किए बिना पास की गई, जबकि इसी फर्म ने बोगस फर्जी आईटीसी पास ऑन की गई। तहरीर के आधार पर प्रेमनगर पुलिस ने फर्म के संचालक पुष्पेन्द्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

- राज्य कर अधिकारी ने फर्म प्रोपराइटर के खिलाफ प्रेमनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट
- जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद 2019 में फर्म का पंजीयन निरस्त कर दिया गया

## सिटी ब्रीफ

### मंडल अध्यक्ष बनने पर ब्रजेश मिश्रा का हुआ अभिनंदन

**बरेली, अमृत विचार** : सामाजिक संस्था शब्दांगन ने बिहारीपुर खत्रियान स्थित सभागार में भाजपा के नवनियुक्त कालीबाड़ी मंडल के अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा का अभिनंदन किया। ब्रजेश मिश्रा ने कहा कि आज समाज को एकजुट होकर बुराइयों से लड़ने की आवश्यकता है। शब्दांगन के अध्यक्ष डॉ सुरेश रस्तोगी, महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी, सभासद संजीव रस्तोगी मुक्की, सभासद नीरज वैश्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी ने ब्रजेश मिश्रा को सम्मानित किया।

### 12 साल की मुजैना ने रखा पहला रोजा



**बरेली, अमृत विचार** : किला क्षेत्र के खन्नू मोहल्ला निवासी शुजा उर रहमान की 12 साल की बेटी मुजैना रहमान ने रविवार को अपना पहला रोजा रखा। मुजैना का कहना है कि उन्होंने रोजा रखने के साथ-साथ 5 वक्त की नमाज भी अदा की। पहला रोजा होने के चलते थोड़ी सी प्यास जरूर महसूस हुई। कहा मैं आगे के भी सारे रोजे रखूंगी। शाम को घर के सभी लोगों के साथ रोजा इफ्तार किया। वह सेंट मारिया स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा हैं।

### अनाथालय के बच्चों के साथ मनाई होली

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्र जागरण युवा संगठन ने रविवार को आर्य समाज अनाथालय में बच्चों के साथ होली उत्सव मनाया। पदाधिकारियों ने बच्चों को मिष्ठान, गुजिया एवं प्राकृतिक रंगों का वितरण किया। इस दौरान चेयरमैन सौरभ शर्मा, अमित शर्मा, पंकज मिश्रा, गिरीश कपूर, जिलाध्यक्ष प्रियंका कपूर, सुमन भाटिया, सुषमा गौतम, अनीता गुप्ता, हिना भोजवानी, दीपू कश्यप, महानगर अध्यक्ष पंकज सिंह, चिकित्सा प्रभारी विमल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## सोनू निगम ने दरगाह आला हजरत पर दी हाजिरी

**बरेली, अमृत विचार** : मशहूर बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम शनिवार को परसाखेड़ा में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे।

देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रविवार की सुबह दरगाह हजरत पर हाजिरी देने के लिए पहुंचे। दरगाह पर फूल पेश करने के बाद उन्होंने अमनचैन और भाईचारे की दुआ मांगी। उनके दरगाह पहुंचने पर लोगों को जानकारी हुई तो उनकी झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए, लेकिन वह हाजिरी देकर चुपचाप वहां से निकल गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है



हाजिरी देने जाते गायक सोनू निगम।

## व्यापारियों की एकता देश के आर्थिक विकास की आधारशिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सम्मान समारोह में बोले राजेंद्र गुप्ता
- आईआईए और लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी हुए शामिल

**अमृत विचार** : परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों ने रविवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें राजेंद्र गुप्ता को व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार का सदस्य मनोनीत किए जाने पर सम्मानित किया।

इस मौके पर राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारी और उद्यमियों की एकता हमारे देश के आर्थिक विकास की आधारशिला है। जब व्यापारी और उद्योग एकजुट होकर कार्य करेंगे, तभी राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी। आईआईए बरेली के चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा कि कोई भी उद्यम बिना व्यापारिक सहयोग के सफल नहीं हो सकता। व्यापारी और उद्यमी एक-दूसरे से जुड़े रहकर ही विकास की दिशा तय करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने राजेंद्र गुप्ता की सहभागिता को व्यापारिक और औद्योगिक हितों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह उन्हें सशक्त मंच प्रदान करेगी। तरुण अग्रवाल ने कहा कि उद्योग क्षेत्र के सम्मानित प्रतिनिधि को यह जिम्मेदारी मिलने पर हमें गर्व है, हम उनके साथ मिलकर कार्य करेंगे। उद्यमी घनश्याम खंडेलवाल, विमल रिवाड़ी, राकेश धीरवानी, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, आईआईए बरेली चैप्टर के सचिव रजत मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, तरुण अग्रवाल, वरुण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




समरोह में राजेंद्र गुप्ता को सम्मानित करते उद्यमी। ● अमृत विचार

# 2012 से पहले के ईंट भट्ठे होंगे वैध आबादी के पास भी लगा सकेंगे

### भट्ठा कारोबार को बढ़ावा देने व लोगों को नजदीक ईंट उपलब्ध करने को नियमावली में किए बदलाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वनमंत्री ने बताया, ईंट भट्ठा लगाने की दूरी की गई कम



**अमृत विचार** : ईंट भट्ठा कारोबार को संजीवनी देने के लिए और लोगों को ईंटें नजदीक उपलब्ध करने के लिए उत्तर प्रदेश ईंट भट्ठा नियमावली में किए गए कुछ बदलावों का फायदा बरेली के कारोबारियों को भी मिलेगा। वर्ष 2012 से संचालित ऐसे ईंट भट्ठे जिनके पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं हैं, उनके लिए खुशखबरी है। उन्हें सरकार वैध करने जा रही है। जिन संचालकों के पास 2012 से पहले जिला पंचायत, नगर निगम, खनन विभाग, वन विभाग से किसी तरह की रसीद कटवाई है तो वह रसीद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से ईंट भट्ठे को वैध करने का रास्ता खोलेगी।

दरअसल, जिले में कुल 376 ईंट भट्ठे कागजों में हैं, जिनमें से 230 संचालित और 130 ईंट भट्ठे बंद बताए जा रहे हैं। बंद भट्ठों के पीछे विनियमन शुल्क, आवेदन शुल्क और पलोथन शुल्क का भुगतान जमा न होने सहित कई कारण हैं। इसमें तमाम भट्ठे आबादी के नजदीक आने की वजह से बंद हो गए। कुछ भट्ठे अन्य कारणों से बंद हुए। जिन भट्ठा संचालकों के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं हैं, उसमें कुछ सख्ती की वजह से बंद हैं लेकिन तमाम ऐसे भी हैं, जो बिना एनओसी के संचालित हैं। फरीदपुर तहसील क्षेत्र में तमाम ईंट भट्ठे बिना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी के संचालित हैं। भोजीपुरा क्षेत्र में भी कई इसी तरह से संचालित हैं।

हालांकि 2012 से जो ईंट भट्ठे संचालित हैं और उनके पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं है तो उनके लिए राज्य सरकार ने वैध कराने का मौका दिया है। इसके साथ जो ईंट भट्ठे आबादी से एक किमी की कम दूरी पर होने की वजह से बंद हो गए, ऐसे संचालकों के लिए भी फिर से ईंट भट्ठा शुरू करने का मौका मिल सकेगा। नियमावली में हुए कुछ बदलाव से अब आबादी से महज आठ सौ मीटर की दूरी पर ईंट भट्ठे का कारोबार कर सकेंगे।

इस संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार का कहना है कि वर्ष 2012 के पहले के ईंट भट्ठों को वैध करने के पीछे ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार देना और नागरिकों को नजदीक में ही ईंटें उपलब्ध कराने का प्रमुख उद्देश्य है। भट्ठा कारोबार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार यह नियम लेकर आई है। प्रदेश भर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## पंचायत सहायक पर हमला करने का आरोप

**देवरनियां/ बरेली, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र शेरगढ़ ब्लॉक के पंचायत सहायक ने जानलेवा हमला करने के आरोप में ग्राम प्रधान और उनके बेटों के खिलाफ तहरीर दी है।

ग्राम पंचायत इटौवा के पंचायत सहायक व डाटा एंट्री ऑपरेटर मोहम्मद फिराज ने पुलिस को बताया कि वह 23 फरवरी की शाम फार्मर रजिस्ट्री के कार्य से देहात में थे। इस दौरान अधिकारी ने गांव के तालाब का फोटो मांगा, तो फोटो खींचकर अधिकारी को भेज दिया। कुछ देर बाद में, तालाब से वापस कार्यालय कोतवाली जाने के दौरान रोका, बाद में एसएसपी से की शिकायत की ओर बाइक से जा रहे थे। रास्ते में गांव के प्रधान और उनके बेटों ने जानलेवा हमला किया। वह बाल-बाल बच गए। आरोप है कि कोतवाली शिकायती पत्र देने गए तो ग्राम प्रधान और उनके परिजनों ने रोक लिया। वह अन्य कर्मचारियों के साथ एसएसपी अनुराग आर्य से मिले और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

## आरोग्य मेला: 448 मरीजों को स्किन की तकलीफ



स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन कपाही। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वास्थ्य केंद्रों पर वायरल और सर्दी-जुकाम के 404 मरीज दवा लेने पहुंचे

**अमृत विचार** : जिले में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले आरोग्य मेले में इस बार कुल 2858 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से सबसे अधिक 448 मरीज त्वचा रोग से पीड़ित पाए गए। वहीं 404 मरीज वायरल बुखार और सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं के उपचार के लिए पहुंचे।

जिले में रविवार को 80 स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में सामान्य रोग, ब्लड प्रेशर, शुगर और जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीज भी बड़ी संख्या में दवा लेने पहुंचे थे। डॉक्टरों ने मरीजों को चेकअप कर उन्हें दवाइयां दी। अचानक से मौसम से गर्मी बढ़ने के कारण ज्यादातर मरीजों को स्किन की परेशानी थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन कपाही और डॉ. अजमेर सिंह ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## छमाही उर्स ए शराफती व उर्स ए सकलैनी में अदा की कुल की रस्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : छमाही उर्स-ए-शराफती व उर्स ए सकलैनी के तीसरे दिन रविवार की शुरुआत सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी से हुई। उसके बाद दरगाह पर अकीदतमंद हाजिरी के लिए पहुंचते रहे। असर की नमाज के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। मगरिब की नमाज के बाद लोगों के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ।

मोहल्ला शाहबाद स्थित खानकाह शरीफ में रविवार शाम 5:30 बजे सज्जादानशीन शाह गाजी मियां हुजूर ने कुल की रस्म अदा की। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि सभी जायरीन के लिए दरगाह के मेहमानखाने में सामूहिक रोजा इफ्तार कराया गया। हाफिज गुलाम गौस, सादकैन सकलैनी, हाफिज शाहिद सकलैनी, मुफ्ती रूमान सकलैनी, मुर्तजा सकलैनी, हमजा सकलैनी, हाजी लतीफ सकलैनी, इन्तिजार सकलैनी, मोहम्मद उमर सकलैनी, रफी सकलैनी, उस्मान सकलैनी आदि मौजूद रहे। वहीं खानकाह शरीफ के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां हुजूर ने कहा कि रमजान शरीफ का महीना हमें सब्र, बर्दाश्त करना सिखाता है और बुरे कामों से रोकता है। आपस में एक दूसरे से मोहब्बत, जरूरतमंदों की मदद का जज्बा बढ़ाता है।



सामूहिक रोजा इफ्तार में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### दरगाह शाहदाना वली पर सामूहिक रोजा इफ्तार



**बरेली, अमृत विचार** : दरगाह शाहदाना वली पर रविवार को सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि दरगाह पर रविवार शाम को पीराने पीर सरकार गौसे आजम दस्तगीर के कुल शरीफ की रस्म शाम 5 :15 बजे अदा की गई। इसके बाद हिंदू- मुस्लिम ने एक साथ दस्तरखान पर बैठ कर रोजा इफ्तार किया। मस्जिद के इमाम मौलाना शाहिद रजा ने देश में अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ की। मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां बब्बू मियां आदि मौजूद रहे।

## 76 ग्राम पंचायतों में बनेंगे प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहले चरण में पांच हजार की आबादी वाले गांवों के तालाबों को किया चिह्नित
- डीपीआरओ बोले- पिकनिक व जल संरक्षण स्थल के रूप में विकसित होंगे तालाब

**अमृत विचार** : जिले की ग्राम पंचायतों में अब स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त मॉडल तालाब बनाने की तैयारी तेज हो गई है। शासन के निर्देश के बाद जिले में सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। पांच हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायतों में कुल 76 तालाबों को विकसित करने का लक्ष्य तय किया गया है। इन तालाबों को न केवल जल संरक्षण केंद्र बल्कि पिकनिक और मनोरंजन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों के पानी में प्लास्टिक और कचरे की अधिकता तालाबों को गंभीर रूप से प्रदूषित कर रही है। जलीय जीवन प्रभावित हो रहा है। इस योजना के माध्यम से पानी को साफ-सुथरा बनाए रखा जाएगा और तालाबों में जलीय जीवन को पुनर्जीवित किया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि तालाबों में पहुंचने वाले पानी को फिल्टर करने के लिए नालियों में फिल्टर चैंबर और वेस्ट स्टेबलाइजेशन पांड लगाए जाएंगे। इससे ठोस कचरा पहले ही अलग हो जाएगा और तालाबों तक केवल साफ पानी पहुंचेगा। ग्राम पंचायत इस पूरी प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएगी। योजना के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल जल स्तर सुधरेगा बल्कि लोगों के लिए मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों का स्थल भी तैयार होगा। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल स्वच्छ भारत मिशन तथा प्लास्टिक प्रबंधन की दिशा में बड़ा कदम साबित होगी।



## सिटी डायरी



### व्यक्ति निर्माण का प्रत्यक्ष उदाहरण है संघ: विनोद

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक विनोद ने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण का केंद्र है। यह संघ ने अपनी 100 वर्षों की यात्रा में सिद्ध किया है। आज संघ के स्वयंसेवक प्रत्येक क्षेत्र में प्रामाणिकता के साथ राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह विचार रविवार को व्यक्त किए। अपना परिवार ट्रस्ट की ओर से शताब्दी वर्ष में संघ की सौ वर्षों की यात्रा पर बनी फिल्म ''शतक'' को सामूहिक रूप से दिखाने के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि संघ सदैव रचनात्मक एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप किए गए कार्यों का समर्थन एवं सहयोग करता है। प्रांत संघ चालक शशांक भाटिया, महानगर प्रचारक मयंक, विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान, अपना परिवार ट्रस्ट के अध्यक्ष रामचरण लाल यदुवंशी, रवि शरण चौहान, हर्ष भारद्वाज, प्रतेश पांडे, प्रतिपाल चौहान, विकास शर्मा समेत तमाम कार्यकर्ताओं ने एक साथ फिल्म देखी।

### पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**बरेली, अमृत विचार** : रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन, वामा सारथी के पर्यवेक्षण में दो स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हुआ। शिविरों का उद्देश्य पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। पहला शिविर टाटा 1 एमजी फार्मेसी के सहयोग से हुआ। इसमें कम दरों पर विभिन्न मेडिकल जांचें की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह, एसआई श्रुति सिंह, जनार्दन कांत, मनीष कुमार, तरुण कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। वहीं, वामा सारथी के पर्यवेक्षण में होम्योपैथी मेडिकल कैंप का आयोजन हुआ। डॉ. प्रशांत वशिष्ठ और डॉ. मंजू वर्मा ने परामर्श दिया। शिविर में 63 पुरुष, 31 महिलाओं एवं 8 बच्चों ने भाग लिया।

### हिंदू समाज के उत्थान का संकल्प लिया



**बरेली, अमृत विचार** : विश्व हिंदू महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजीव अवस्थी का बरेली में रविवार को स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में संजीव अवस्थी ने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने और हिंदू समाज के उत्थान का संकल्प लिया। मंडल प्रभारी अजय पाल शर्मा ने पटका और माला पहनाकर स्वागत किया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोनू सिंह ने पवन कालरा को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया। जिला प्रभारी मुनीश गुप्ता, जिला महामंत्री दलवीर सिंह, जिला महामंत्री राजन कुमार, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र पटेल, जिला मंत्री संजीव प्रजापति, जिलामंत्री दिनेश मूरजानी, महानगर मंत्री अरविंद कुमार, महानगर मीडिया प्रभारी अभिषेक चंद्रा आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** | एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बरेली आर्थोपैडिक एसोसिएशन का दो दिवसीय रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम आयोजित

## मरीजों को जल्द मिलेगी एयर एंबुलेंस की सुविधा : देव मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रिवीजन टेक्निक्स पर विमर्श वीडियो के जरिये साझा की ऑपरेशन की नई तकनीक

**अमृत विचार** : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बरेली रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम में रविवार को एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने जल्द ही मरीजों के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एयर एंबुलेंस सेवा शुरू किए जाने की घोषणा की। साथ ही हादसों में घायलों के लिए बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल कॉलेज में लेबल वन का ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाने की भी घोषणा की।

बरेली आर्थोपैडिक एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय बरेली रिवीजन आर्थोप्लास्टी सिंपोजियम आयोजित हुआ। इसमें रिवीजन टेक्निक्स पर विमर्श, वीडियो के माध्यम से ऑपरेशन की नई तकनीक की जानकारी, घुटने और कूल्हे की रिवीजन आर्थोप्लास्टी में बुनियादी बातों के साथ ऑपरेशन के महत्वपूर्ण प्वाइंट्स का चरण दर चरण वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सिंपोजियम में देश के चुनिंदा आर्थोपैडिक चिकित्सकों ने आठ सत्रों में अपने अपने विषय की विस्तृत जानकारी दी। आर्थोपैडिक सर्जन एवं बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बढ़ते हादसों पर चिंता जताई और उन्हें रोकने के लिए जागरूकता और सही विधि से उपचार पर जोर दिया।

एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने सिंपोजियम के कांसेप्ट की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी काम की सफलता में रिवीजन सबसे जरूरी हिस्सा होता है। देव मूर्ति ने कहा कि बीमारी के उपचार के साथ ही बीमारी के प्रति जागरूक करने और बीमारी के गंभीर होने से पहले ही उपचार पर जोर दिया। कहा कि ऐसा तभी हो सकता है जब हम अपनी स्किल में लगातार सुधार करें और इंफेक्शन रेट को कम से कम करने का प्रयास करें। इससे पहले उद्घाटन सत्र में बरेली आर्थोपैडिक एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एवं सिंपोजियम के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. संजय गुप्ता ने सिंपोजियम के विषय में सभी को बताया। कहा कि यह सही सर्जिकल फैसले लेने को और बढ़ाएगा। सिंपोजियम के कोऑर्गनाइजिंग चेयरमैन एवं यूपीओए के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विनोद पागरानी ने बरेली आर्थोपैडिक एसोसिएशन को ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज का सहयोग मिलने पर आभार जताया। इस मौके पर मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. आरबी कालिया, डॉ. एसएस मोहंती, डॉ. सिद्धार्थ एम. शाह, डॉ. जतिन तलवार, डॉ. सुजीत के. त्रिपाठी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. प्रेम गुप्ता, डॉ. जफर इस्राइल, डॉ. बीएस मूर्ति, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. आरजी शर्मा, डॉ. जीआर गंगवार, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. मनोज हीरानी, डॉ. निकुंज गोयल मौजूद रहे।



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम में चेयरमैन देव मूर्ति के साथ बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. विनोद पागरानी व अन्य। ● अमृत विचार

# इस बार बमनपुरी-चाहबाई के बीच नहीं होगी रंगों की मोर्चाबंदी

## चंद्रग्रहण ने तोड़ी दशकों पुरानी परंपरा, राम बरात और नरसिंह भगवान की शोभायात्रा के घंटाघर पर मिलन होने के बाद जबर्दस्त होती थी रंगों की मोर्चाबंदी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की ऐतिहासिक राम बरात और नरसिंह भगवान की शोभायात्रा के घंटाघर पर मिलन होने के बाद जबर्दस्त तरीके से होने वाली रंगों की मोर्चाबंदी इस बार देखने को नहीं मिलेगी। श्री रामलीला सभा की ओर से निकलने वाली राम बरात इस बार चंद्रग्रहण की वजह से सोमवार को निकाली जाएगी।

प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि चंद्रग्रहण की वजह से एक दिन पहले रामबरात को सोमवार को निकाला जाएगा। वहीं, चाहवाई से निकलने वाली भगवान नरसिंह की शोभा यात्रा मंगलवार को निकाली जाएगी। नरसिंह भगवान शोभा समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि नरसिंह भगवान विराट रूप हैं, सारे ग्रह उनके अधीन होते हैं। हमने विद्वानों से भी जानकारी की थी। उन्होंने भी कहा कि इसमें कोई भी फर्क नहीं पड़ेगा। वहीं, चंद्रग्रहण के चलते बमनपुरी और चाहबाई की रामबरातों का दशकों पुराना साथ और मोर्चाबंदी इस बार देखने को नहीं मिलेगी। परंपरा के अनुसार, दोनों क्षेत्रों की रामबरातें कुतुबखाना चौराहे, घंटाघर पर एक साथ मिलकर भव्य मोर्चाबंदी करती थीं। दशकों से चली आ रही साझा परंपरा के टूटने से श्रद्धालुओं में थोड़ी मायूसी है। हालांकि धार्मिक मान्यताओं और ग्रहण के सूतक काल को देखते हुए आयोजकों ने यह फैसला लिया है, लेकिन रामबरात इस बार भी धूमधाम से निकाले जाने की तैयारी है।

### राम बरात का रूट

सोमवार को निकलने वाली रामबरात नरसिंह मंदिर मलकपुर से प्रारंभ होकर बिहारीपुर ढाल, घंटाघर, कोतवाली, रोडवेज, कालीबाड़ी, श्यामगंज, मटकी चौकी, शिवाजी मार्ग, बड़ा बाजार, किला, सिटी सब्जी मंडी होते हुए ब्रह्मपुरी नरसिंह मंदिर पर संपन्न होगी। रामबरात का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

### नरसिंह भगवान की शोभा यात्रा का रूट

3 मार्च को निकलने वाली नरसिंह भगवान की शोभायात्रा अग्रवंशी टैंट हाउस चाहबाई से प्रारंभ होगी, जो गुद्दड़बाग, बानखाना, गौरी शंकर मंदिर गुलाब नगर चौराहा से चाहबाई, कोहाड़ापीर कोहली क्लाथ हाउस से दयानंद चौक से नावल्टी चौराहा, बरेली कालेज गेट, श्यामगंज चौराहा, पीली कोठी, दयानंद चौक से कोहाड़ापीर होते हुए चाहबाई काली मंदिर पर संपन्न होगी।

### राम बरात में पांच सीओ और एक कंपनी पीएसी रहेगी तैनात

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में सोमवार को निकलने वाली राम बरात को लेकर पुलिस पूरी तरीके से अलर्ट है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि राम बरात में सुरक्षा के लिहाज से पांच सीओ, पांच इंस्पेक्टर, 108 हेड कॉन्स्टेबल, 16 महिला सिपाही समेत एक कंपनी पीएसी को सुरक्षा के लिहाज से तैनात किया है। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को रिजर्व में रखा गया है। पुलिस अधिकारी भी राम बरात के रूट पर नजर रखकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### फागुन उत्सव में आपसी सौहार्द और प्रेम का दिया संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित मानसरोवर गार्डन कॉलोनी में महिला मंडल की ओर से रविवार को फागुन उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलोनी के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर सामूहिक कीर्तन-भजनों का आनंद लिया। महिलाओं ने फूलों और गुलाल से होली खेलकर आपसी सौहार्द और प्रेम का संदेश दिया। आयोजन समिति में निकुंज शर्मा, निधि अग्रवाल, नेहा खरे, पारुल अग्रवाल और मीनू चौहान की प्रमुख भूमिका रही।

### सोमनाथ मंदिर में फूलों की होली आज

**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर परिसर में सोमवार को फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य भगवान की भक्ति और होली के उल्लास को साझा करना है।

## रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का मनमोहक मंचन


रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामलीला सभा की ओर से बमनपुरी में आयोजित 166 वीं रामलीला के पांचवें दिन रविवार को सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ। भगवान ने जैसे ही शिव धनुष उठाया, पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। श्री रामलीला के सीता स्वयंवर के मंचन की शुरुआत जनकपुर दरबार से हुई, जहां राजा जनक ने सीता के स्वयंवर के लिए राजाओं को आमंत्रित किया। स्वयंवर में सीता से विवाह के लिए शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की शर्त रखी गई, लेकिन एक भी राजा धनुष को हिला तक नहीं सका। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से राम ने शिव धनुष उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाई, शिव धनुष के भंग होते ही स्वयंवर में उत्सव का वातावरण हो गया। गुरु व्यास मुनेश्वर ने गावहिं छबि अवलोकि सहेली, सियं जयमाल राम उर मेली को गाकर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विवेक शर्मा और सत्येंद्र पांडेय ने किया। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार को भव्य राम बारात निकलेगी। इसमें मुख्य अतिथि खत्री सभा से अनुपम कपूर और डॉ. विनोद पागरानी रहेंगे। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने रामभक्तों से बरात में अनुशासन बनाए रखने की अपील की। सर्वेश रस्तोगी, राज कुमार गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, सत्येंद्र पांडेय, नीरज रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, दीपेंद्र वर्मा, धीरज दीक्षित, सचिन श्याम भारतीय, कौशिक टंडन, पंकज मिश्रा, उत्कर्ष रस्तोगी आदि शामिल रहे।

# उत्साह : बसंतोत्सव में लोकगीतों पर झूमे लोग

- लोकगायिका दीक्षा ढौंडियाल की प्रस्तुति ने बांधा समा
- अखिल भारतीय उत्तरायणी महासभा ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


बसंतोत्सव पर अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुर्मांचल नगर स्थित भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में रविवार रात अखिल भारतीय उत्तरायणी महासभा की ओर से 18 वें बसंतोत्सव का आयोजन उत्साह, उल्लास के साथ किया गया।

उत्तराखंड की लोकगायिका दीक्षा ढौंडियाल ने लोकगीतों से वातावरण को जीवंत बना दिया। लस्की कमर, म्यारा सैयाजी और मैं पहाड़ी छोरी हूं...जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री (उपाध्यक्ष, उत्तराखंड हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद) वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने कहा कि बसंतोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परंपराओं, कला और युवा ऊर्जा का संगम है। महासभा के पदाधिकारियों ने आयोजन के उद्देश्य को उत्तराखंड की संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक समरसता के संवर्धन से जोड़ा है। विशिष्ट अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने महासभा को ऐसे प्रेरक आयोजन के लिए बधाई दी और प्रकृति के नव उल्लास और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक बसंतोत्सव को सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने, पारस्परिक सद्भाव तथा समन्वय के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत बताया। वरिष्ठ लोक कलाकार अनिल बिष्ट व दीक्षा ढौंडियाल को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज के विशिष्ट उद्यमियों को उत्कर्ष उद्यमी सम्मान तथा साहित्यकार डॉ. नितिन सेठी को डॉ. वीरेन डंगवाल स्मृति साहित्य सम्मान प्रदान किया गया।


बसंतोत्सव में लोकगायिका दीक्षा ढौंडियाल के गीतों पर झूमते लोग। ● अमृत विचार

मेधावी विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया। संचालन लोकगायक राजेश्वरी ने किया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह घिल्डियाल ने अतिथियों, कलाकारों का आभार जताया। सतीश नैथानी, कैलाश घिल्डियाल, सुनील चौहान, हेमंत डिमरी, कमलेश विष्ट, भास्कर रावत, चंद्र प्रकाश जोशी, पूरनसिंह, जगदीश आर्या, ज्ञान सिंह रावत, पुष्कर राणा, दीवानी चंद, अभिनीत नेगी, प्रमोद पंत, जीत सिंह अधिकारी, गोपाल सिंह महरा, सुभाष पाण्डेय, उमेश बिनवाल, आनंद रौदियाल, बसंत डालाकोटी, कुंवर सिंह विष्ट, नारायण सिंह दुग्ताल, प्रवीन सिंह राना, अभिषेक असगोला, प्रमोद पंत, जीत सिंह अधिकारी, गोपाल सिंह महरा, सुभाष पाण्डेय, उमेश बिनवाल, अशोक उप्रेती, भवनेश घिल्डियाल, महेश पाण्डे, मोहन सिंह रावत, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## ऐसे खेलें होली कि आंखों और त्वचा को न हो नुकसान : डॉ. राहुल



**बरेली, अमृत विचार :** होली का त्योहार रंगों और उमंग का प्रतीक है, लेकिन जरा सी लापरवाही आंखों और त्वचा के लिए बड़ा नुकसान कर सकती है।

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. राहुल ने बताया कि बाजार में मिलने वाले कई रंगों में केमिकल मिले होते हैं, जो एलर्जी, जलन और संक्रमण का कारण बन सकते हैं। इसलिए होली पर केमिकल वाले रंगों से बचें। यदि आंख में रंग चला जाए तो घबराएं नहीं। उसे तुरंत साफ और ठंडे पानी से धोएं। आंखों को रगड़ें नहीं, इससे कॉर्निया को नुकसान हो सकता है। यदि ज्यादा केमिकल वाला रंग होगा तो हो सकता है कि आपको जलन, दर्द और धुंधला दिखाई देना शुरू हो जाए तो तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें। यदि आप कॉन्टैक्ट लेंस लगाते हैं तो उसे उतारकर ही होली खेलें।

रंग खेलने से जाने से पहले अपने और बच्चों की त्वचा पर सरसों या नारियल तेल की हल्की परत लगा लें, इससे रंग सीधे त्वचा में नहीं समाएगा। चश्मा और मास्क लगाकर होली खेलने से रंग सीधे आंखों पर नहीं जाएगा और न ही चेहरे पर ज्यादा मात्रा में रंग जाएगा।

# फूलों की होली खेल मनाया फागोत्सव


राधाकृष्ण के स्वरूपों के साथ फूलों की होली खेलते विधायक संजीव अग्रवाल और समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अग्रसेन पार्क में अग्रवाल सेवा समिति ने किया भव्य फाग महोत्सव का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


फाग महोत्सव में होली के गीतों पर झूमतीं महिलाएं एवं युवतियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अग्रवाल सेवा समिति की ओर से रविवार को रामपुर गार्डन स्थित अग्रसेन पार्क में रंग, उमंग और भक्ति से सराबोर भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रज की लठमार होली से लेकर फूलों की होली खेलकर फागोत्सव मनाया।

दिल्ली से आए संस्कृति ग्रुप के विकी सुनेजा ने अग्रसेन महाराज की वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके बाद ब्रज की पारंपरिक होली गीतों पर समाज के लोगों ने झूमकर आनंद लिया। बरसाने की लठमार होली, लड्डू होली और फूलों की होली ने आयोजन को जीवंत बना दिया। राधा-कृष्ण की फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन रोहित राकेश ने प्रभावी शैली में किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, ममता अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल और महामंत्री राजीव बूबना ने सयुंक्त रूप से किया। संयोजक अतुल अग्रवाल, मयूरेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विकास बंसल और विकास अग्रवाल ने व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला। सीएस अंकित अग्रवाल और अमर नारायण को सम्मानित किया गया। पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे। रिशुल अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने फूलों और गुलाल से खेली होली


टीचर को रंग लगाते नन्हें-मुन्ने।

**बरेली, अमृत विचार:** स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में बच्चों ने फूलों एवं गुलाल से होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक होली गीत, भजन और रसिया प्रस्तुत किया। वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. प्रज्ञा वार्ष्णेय ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। सुरक्षित एवं स्वस्थ तरीके से होली मनाने का महत्व समझाते हुए गीले रंगों से होली न खेलने की शपथ दिलाई। प्रबंध निदेशक प्रोफेसर कृष्ण अवतार वार्ष्णेय, डॉ. नवनीत कृष्ण वार्ष्णेय, मिथलेश वार्ष्णेय, अभिनीत, वन्दना, वसुन्धरा, प्रतीक्षा, साधना चौहान, मानसी अरोरा, हिमांशी सक्सेना, प्रिया खंडूजा, रिम्पी सक्सेना, विमला मनराल, प्रतिष्ठा सक्सेना, प्रियांगी मिश्रा, अवधेश सक्सेना, ज्ञानेश्वर आचार्य, राहुल, भागीरथी देवी आदि का सहयोग रहा।

# सौहार्द व सकारात्मक ऊर्जा का दिया संदेश

- रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने होली मिलन-बॉलीवुड एडिट धूमधाम से मनाया
- रंग, संगीत और फिल्मी अंदाज में सजा पाम लॉन, दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बरेली


होली महोत्सव में गीतों पर लोगों ने जमकर डांस किया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से रविवार को होली मिलन-बॉलीवुड एडिट कार्यक्रम का आयोजन बरेली क्लब के पाम लॉन में हुआ। जिसमें रंगों के उत्साह के साथ बॉलीवुड थीम की झलक ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत तंबोला (हाउसी) से हुई। इसके बाद लाइव बैंड और डीजे की प्रस्तुतियों ने माहौल को ऊर्जावान बना दिया। जिसमें क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बॉलीवुड हाउसी, होली टाइटल और फिल्मी डायलॉग प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहीं। अमिताभ, गोविंदा और सलमान शैली के ठुमकों के साथ रेखा, माधुरी और ऐश्वर्या के अंदाज में आयोजित डांस प्रतियोगिता ने खूब तालियां बटोरीं। फरमाइशी गीतों की भी खूब प्रस्तुति हुई। बलम पिचकारी, होली खेलत रघुवीरा, रंग बरसे भीगे चुनर वाली और होरीया में उड़त गुलाल जैसे लोकप्रिय गीतों पर सदस्यों ने जमकर नृत्य किया। फिल्मी फोटो बूथ आकर्षण का केंद्र रहा। क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि आपसी सौहार्द, मित्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देने का माध्यम भी है। डीजी सीए राजेन विद्यार्थी, क्लब के चीफ ट्रेनर डॉ. एके चौहन, सचिव शेखर यादव, कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, क्लब सर्विसेज अध्यक्ष संचित गोयल, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर शुभम अग्रवाल, अनंत अग्रवाल, नरेश मलिक, अरविंद भटनागर, नितिश टंडन, एपी गोयल, मोहित वैश्य, प्रेम यादव, राजीव गुप्ता, विनय कृष्णा, डॉ. प्रधीर गुप्ता, मोहन गुप्ता, अंकित अग्रवाल, मनीष टंडन, राहुल जायसवाल आदि उपस्थित रहे। क्लब की प्रथम महिला शिल्पी शर्मा, रजनी यादव, मानसी गोयल, कृति अग्रवाल, सुरभी अग्रवाल आदि ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# हर्बल व ऑर्गेनिक रंगों की मांग सबसे ज्यादा

- दुकानदार बोले-पारंपरिक केमिकल रंगों की बजाय लोग अपना रहे प्राकृतिक विकल्प गुलाब, गेंदे और पलाश के रंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली


शहर में एक दुकान पर रंगों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** होली बाजार में हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की मांग सबसे ज्यादा है। श्यामगंज, राजेंद्र नगर, कुतबखाना, पुराना शहर आदि क्षेत्र की दुकानों पर रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल, फूलों से बने सूखे रंग और पिचकारियां बिक रही हैं।

दुकानदारों के अनुसार अब लोग स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के अनुकूल विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं और केमिकल रंगों की मांग कम हो गई है। गत वर्ष की तुलना में हर्बल रंगों की बिक्री में 25 से 30 फीसदी तेजी आई है। श्यामगंज में होली के रंगों का कारोबार करने वाले राजेश कुमार ने बताया कि हर्बल गुलाल 80 से 120 रुपये प्रति 100 ग्राम के हिसाब से बिक रहा है, जबकि फूलों से बने प्रीमियम रंग 250 से 300 रुपये प्रति पैकेट में उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार कार्टून पैक में हर्बल रंग 60 से 100 रुपये तक मिल रहे हैं। व्यापारी अनीष कुमार ने कहा कि स्किन फ्रेंडली और ऑर्गेनिक रंगों की मांग अधिक है। ऑर्गेनिक अबीर 180 से 220 रुपये प्रति पैकेट में बिक्री के लिए रखा गया है। हर्बल पिचकारी रंग 150 से 250 रुपये में उपलब्ध है। थोक विक्रेता देवेश ने बताया कि गुलाब, गेंदे के फूलों से तैयार सूखे रंग 280 से 320 रुपये प्रति पैकेट में बिक रहे हैं।

## सिटी डायरी

### पर्वतीय समाज की महिलाओं ने बैठकी होली खेली

**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय समाज की महिलाओं ने रविवार को बैठकी होली खेली। महिलाओं ने होली के मंगल गीत गाए। आईवीआरआई रोड स्थित अपार्टमेंट में पुष्पा मेहरा के आवास पर हुई बैठकी होली में पारंपरिक गीतों को प्रस्तुत किया गया। जीतू साह, महिमा साह, ममता मैनाली, चंद्रा बिष्ट, हेमा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



### फाग महोत्सव में होली के मनमोहक भजनों की दी प्रस्तुति



**बरेली, अमृत विचार :** विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल ने भारत माता मंदिर में फाग महोत्सव मनाया। विजय अग्रवाल एंड पार्टी ने होली के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। ठाकुरजी और राधा रानी के साथ श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली। पूरा मंदिर परिसर भक्ति, उल्लास और रंगों की खुशबू से सराबोर हो गया। मिशन के प्रधान देवेंद्र खंडेलवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं। पवन अरोड़ा, संदीप मेहरा, संजय गर्ग, महेंद्र गंगवार, नरेंद्र खुराना, मोहन लाल कालरा, नूतन मिश्रा, प्रियंका मौर्य, ममता गर्ग, सविता अरोड़ा, शांति बिष्ट, रेनू मिश्रा, सुमित्रा गंगवार, मनीषा मेहरा, कंचन अग्रवाल, नीरेश माहेश्वरी, गीता जोशी, रश्मि अग्रवाल, रीना अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, अनुराधा खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### आनंद आश्रम में भजनों पर झूमे भक्त

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में रविवार को मासिक संकीर्तन का आयोजन हुआ। आश्रम संकीर्तन परिवार की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई। फूलों की होली खेली गई। आ जइयो श्याम बरसाने गांव, होली का मजा चखा दूंगी.., आज हो गई रे रसीली होली...आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि ऋषिकेश से आए स्वामी अरुणेशानंद द्वारा राम कथा प्रारंभ हुई, जो 15 मार्च तक नियमित चलेगी। मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, राकेश खंडेलवाल, रजनीश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, दीपेश खंडेलवाल, सर्वेश, पदम, नितिन, मनीष, अखिल रस्तोगी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




आवश्यकता है
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497